पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया

लखनऊः 28 अगस्त, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर द्वारा खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित खिलाड़ी सम्मान समारोह में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा जीवन में खेल का विशेष महत्व है। विद्यार्थी अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर ध्येय प्राप्ति के लिए आगे बढे। पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डाॅ0 कलाम की बात को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि युवा खुली आंखों से बडे सपने देंखे और उन्हें साकार करने का प्रयास करें। केवल खेल ही नहीं बल्कि हर क्षेत्र में लक्ष्य बनाकर आगे बढे और उसे अधिक ऊँचाईयों तक ले जाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कठोर परिश्रम से सफलता के नजदीक पहुँचा जा सकता है।

सम्मान समारोह में राज्यपाल की पत्नी श्रीमती कुंदा नाईक, प्रमुख सचिव सुश्री जूथिका पाटणकर, कुलपति श्री पीयूष रंजन अग्रवाल, सचिव श्री चन्द्र प्रकाश, विधि परामर्शी श्री शिव शंकर उपाध्याय सहित विश्वविद्यालय के शिक्षणगण भी उपस्थित थे।

श्री नाईक ने इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद को हाकी का जादूगर कहा जाता है। हाकी खेल में उनका बड़ा पराक्रम है। भारतीय हाकी टीम में रहते हुए उन्होंने तीन बार ओलम्पिक में विजय प्राप्त की। मेजर ध्यानचंद में अद्भुत कार्यशक्ति थी। शिक्षा एवं खेल भावना से ही राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण एवं नैतिक उन्नयन होता है। युवा पीढ़ी महानता के उच्चतम आदर्शों का पालन करें जिससे प्रतिभाशाली एवं आदर्श नागरिकों का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं से राष्ट्र को बहुत अपेक्षाएं है जिस पर उन्हें खरा उतरना होगा।

राज्यपाल ने कहा कि राजभवन में विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। जौनपुर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित क्रीड़ा के क्षेत्र में यह दूसरा कार्यक्रम है। भातखण्डे संगीत संस्थान सम विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम, अक्षय तृतीया पर कुष्ठ पीड़ितों द्वारा भजन संध्या प्रस्तुतिकरण सहित साहित्य क्षेत्र से जुडे अनेक कार्यक्रम व श्रीमती कामिनी श्रीवास्तव जिनके दोनों हाथ नहीं हैं मगर पैर से कविता लिखती हैं, उनकी कविता संग्रह का भी लोकार्पण राजभवन में किया गया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में श्री गुलाब कुमार निषाद को क्रिकेट, श्री भारत भूषण तिवारी को भारोत्तोलन, श्री सिद्धार्थ वर्मा को जिम्नास्टिक, श्री विरेन्द्र पाल को क्रासकन्ट्री, श्री पारूल चैधरी एवं श्री दयाशंकर पटेल को एथलेटिक्स एवं श्री अजीत कुमार गुप्ता को तीरंदाजी हेतु अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं 2014-15 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में प्रशिक्षकों एवं टीम प्रबंधकों को भी सम्मानित किया गया।

बहादुर सिंह
खिलाड़ी
स्थल-

सिंह
विश्वविद्यालय, जौनपुर
समारोह''
28, 2015

वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर
''खिलाड़ी सम्मान समारोह''